मुंबई में आई दो और मेट्रो गाड़ियां

मुंबई(यशोडेस्क), कुलाबा-बांद्रा -सिप्ज मेट्रो 3 रूट पर चलने वाली चौथी और पांचवीं मेट्रो गाड़ियां आंध्र प्रदेश के श्री सिटी से मुंबई के आरे कारशेड में पहुंची जिससे मुंबई में प्रवेश करने वाली मेट्रो ट्रेनों की संख्या पांच हो गई है। पहले चरण में आरे और बीकेसी के बीच कुल नौ ट्रेनों की आवश्यकता है। अभी पांच ट्रेनें तैयार हैं और बाकी चार ट्रेनें वेटिंग में हैं। ये चार ट्रेनें जल्द ही मुंबई में प्रवेश करेंगी। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने मेट्रो 3 का काम युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है। 33.5 किमी लंबे इस मार्ग को दो चरणों में यातायात सेवा में लाया जाएगा। एमएमआरसी का इरादा पहले चरण में बीकेसी-आरे के बीच दिसंबर 2023 में और दूसरे चरण में बीकेसी-कफ परेड के बीच जून 2024 में परिवहन सेवाएं शुरू करने का है। फिलहाल पहले चरण का काम तेजी से चल रहा है। दूसरी ओर मेट्रो ट्रेनों को मुंबई लाने और उनका परीक्षण करने का काम भी तेज कर दिया गया है।